तापमान
अधिकतम .30 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

4
नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत किसानों को दी गई जैविक खेती की ट्रेंनिंग





## खबर संक्षेप



### टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने फसल बदलो अभियान

**रायगढ़।** जिले में टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फसल बदलो, जीवन बदलो कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह पहल राज्य के नौ जिलों में लागू की जा रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य कम पानी में उगने वाली एवं अधिक पोषण देने वाली फसलों को बढ़ावा देना, धान पर अत्यधिक निर्भरता कम करना तथा जलवायु अनुकूल कृषि प्रणाली विकसित करना है। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि यह एक सामुदायिक आधारित पहल है, जिसमें महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि खरीफ में धान उत्पादन के बाद अब बहुफसली खेती की ओर बढ़ना आवश्यक है। विभिन्न प्रकार के अनाज, दालें, तिलहन, सब्जियां और मसालों की खेती से परिवार के पोषण स्तर में सुधार तथा किसानों की आय में वृद्धि संभव है। उन्होंने कहा कि केवल धान पर निर्भर रहने से परिवार की पोषण आवश्यकताएं पूरी नहीं हो सकतीं। फसल विविधीकरण से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के साथ.साथ किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी। डॉ. हर्षा वशिष्ठ ने बताया कि कृषि बजट का लगभग 30 प्रतिशत भाग धान प्रोत्साहन पर व्यय होता है।

किसानों ने किए अपना अनुभव साझा कार्यक्रम में किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। रायगढ़ के किसान प्रमोद साहू ने टपक सिंचाई और सब्जी उत्पादन के महत्व पर बल दिया। लैलूंगा की पुरस्कार प्राप्त महिला किसान गायत्री पैंकरा ने एकीकृत खेती से स्थिर एवं विविध आय प्राप्त होने की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में किसानों को बीज वितरित किए गए और फसल विविधीकरण अपनाकर समृद्ध एवं टिकाऊ कृषि भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया गया।

### पीएससी परीक्षा के लिए उड़नदस्ता दल गठित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 का आयोजन 22 फरवरी को दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन हेतु 3 सदस्यीय उड़नदस्ता दल सह परिवहन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। यह उड़नदस्ता दल परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी करेंगे। उड़नदस्ता दल 22 फरवरी को जिला कोषालय, रायगढ़ से गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से डेढ़ घंटे पूर्व संबंधित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचायेंगे। परीक्षा समाप्ति के पश्चात केंद्राध्यक्षों से सीलबंद गोपनीय सामग्री प्राप्त कर उसे सुरक्षित रूप से जिला कोषालय में जमा करेंगे। गोपनीय सामग्री प्राप्त करने हेतु दल को प्रातः 7 बजे तथा दोपहर 12 बजे जिला कोषालय, रायगढ़ में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीयन प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय थल सेना में (अग्निवीर) भर्ती द्वारा युवाओं को सहभागिता बढ़ाने हेतु भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 3 फरवरी से प्रारंभ हो गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 1 अप्रैल रात्रि 11 बजे तक भारतीय थलसेना की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन कर सकते हैं। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं चिकित्सा परीक्षण होगा। उम्मीदवारों को 10+2 परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

## अपेक्स बैंक ने की तैयारी, जिले में 47लाख 82 हजार 406 क्विंटल धान हुई है खरीदी

# रंगों की खुशियां होगी दोगुनी,72 हजार किसानों के खाते में जमा होंगे 349 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

20-22 फरवरी को जिले के किसान एक साथ होली के साथ दिवाली भी मनाएंगे। कारण सरकार ने इस साल खरीदी की गई धान का बोनस होली के पहले देने की घोषणा कर दी है। ऐसे में किसानों में अभी काफी उत्साह देखी जा रही है। इस साल जिले के 72 हजार 693 किसानों ने 47 लाख 82 हजार 406 क्विंटल धान बिक्री किया है।

इस आधार पर प्रति क्विंटल 731 रुपए बोनस किसानों को मिलेगा। इतने किसानों के खाते में 349 करोड़ जमा होगी। 3-4 मार्च को होली है, इसके पहले किसानों को बोनस मिल जाएगी। यह घोषणा सरकार ने कर दी है। अब किसानों को राशि का इंतजार है। धान बिक्री के बाद किसानों के खाते में समर्थन मूल्य की राशि 2 हजार 369 रुपए तो जमा हो चुकी है,

### इसके हिसाब से बतौर बोनस किसानों को मिलेगा 349 करोड़



लेकिन बोनस अभी तक मिला नहीं है। किसान इसी राश का इंतजार करते हैं। कारण यही बोनस राशि ही किसानों का वचत है, बाकी तो इतनी लागत ही आ जाती है। इसके कारण इसका किसानों को इंतजार रहता है। हालांकि अब किसानों का इंतजार खत्म होने वाला है। बोनस राशि 20-22 फरवरी तक जमा होने की बात कही जा रही है।

### ब्लॉकवार अपेक्स बैंक तैयार कर रहा है संख्या

अपेक्स बैंक इसकी तैयारी कर रहा है। किसानों का ब्लॉकवार सूची तैयार की जा रही है। तहसीलों के बैंक में किसानों की राशि जमा की जाएगी। इसके लिए एकाउंट नंबर का सत्यापन किया जा रहा है। हालांकि अभी ही धान की राशि जमा की गई है। ऐसे में बहुत ज्यादा मेहनत करने की जरुरत नहीं पड़ेगी। मिलान इसलिए जरुरी है क्योंकि एक नंबर इधर उधर हो गया तो राशि जमा नहीं होगी। इसके कारण एहतियातन पूरी जांच की जा रही है।

### फैक्ट फाइल

कुल धान खरीदी - 47 लाख 82 हजार 406 क्विंटल
धान बिक्री करने वाले किसान - 72 हजार 693
जिले के किसानों को मिलेगा बोनस - 349 करोड़


### वाहन शोरूम की मनमानी पर उपभोक्ता आयोग का सख्त आदेश

**राउरकेला।** राउरकेला में एक वाहन विक्रेता द्वारा ग्राहकों से कथित रूप से अतिरिक्त शुल्क वसूली के मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया। दिलचस्प यह रहा कि अदालती आदेश के बावजूद भुगतान टालने की कोशिशें भी अंततः नाकाम रहीं और शोरूम को ब्याज सहित राशि चुकानी पड़ी। मामले के अनुसार, एक दोपहिया वाहन विक्रेता ग्राहकों से वाहन की कीमत, आरटीओ पंजीकरण और बीमा शुल्क के साथ लगभग 700 रुपए अतिरिक्त जोड़कर वसूली कर रहा था। पूछताछ करने पर इस अतिरिक्त राशि को ट्रेड टैक्स बताकर कोई वैध बिल उपलब्ध नहीं कराया जाता था। जबकि कानूनन ट्रेड टैक्स की देनदारी विक्रेता की होती है, ग्राहक की नहीं। आरोप है कि इस प्रक्रिया के माध्यम से वर्षों से बड़ी रकम एकत्र की जा रही थी। अक्सर ग्राहक लाखों रुपए की गाड़ी खरीदते समय अपेक्षाकृत छोटी राशि पर ध्यान नहीं देते, जिसका लाभ शोरूम प्रबंधन उठा रहा था। इसी क्रम में राउरकेला के मीडिया एक्टिविस्ट सूरज अग्रवाल से वाहन बिक्री के दौरान 685 रुपये की अतिरिक्त वसूली की गई।

## लैलूंगा पुलिस ने किया 3 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना प्रभारी लैलूंगा उप निरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम पाकरगांव अटल चौक के पास केंदाटिकरा मार्ग पर घेराबंदी की। कार्रवाई दौरान पुलिस टीम ने बिना नंबर टीवीएस राईडर मोटर साइकिल में सवार दो लोगों को रोका गया। चालक ने अपना नाम मोहन यादव उर्फ गुन्नू 22 पत्थलगांव बिलाईटांगर वार्ड क्रमांक 09 तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम बिरोज कुमार दास ब्राम्हण 36 घरजियाबथान पत्थलगांव बताया। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से 3 किलो 170 ग्राम गांजा, अनुमानित कीमत 1 लाख 50 हजार, तथा गांजा परिवहन में प्रयुक्त एक बिना नंबर टीवीएस राईडर मोटर सायकल कीमत




लगभग 10 हजार जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना लैलूंगा में धारा 20, बी एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## अधिकारियों ने फेरा मुंह, शव रखकर एनएच पर बैठना पड़ा धरने पर, हर परिवार को 50 लाख मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया के मंगल कार्बन फैक्ट्री हादसे के शिकार लोगों के परिजन व ग्रामीणों ने मांगों को लेकर एनएच पर शव रखकर धरना प्रदर्शन किया।

ग्रामीण हर परिवार को 50 लाख मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। दूसरी ओर एक परिवार के तीन लोगों की मौत होने के बाद भी शासन की ओर से कोई सहायता राशि की घोषणा नहीं की गई है। यह सवाल भी उठने लगा है कि परिवार का पूरा कुनबा खत्म हो गया, लेकिन शासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। दूसरी ओर गुरुवार को एनएच में प्रदर्शन के बाद प्लांट प्रबंधन की ओर से 5 लाख रुपए का चेक देने की जानकारी मिली है। साथ ही औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा



ग्रामीणों से चर्चा करते अफसर।

विभाग की ओर से तीन प्रपत्र तैयार किया गया है, जिसमें पीड़ित परिवार को साढ़े 12, साढ़े 13 और साढ़े 8 लाख मिलेगा। यह राशि प्लांट प्रबंधन को यह राशि कोर्ट में जमा करना होगा। बीते 5 फरवरी को खरसिया ब्लॉक के बानीपाथर स्थित मंगल कार्बन फैक्टरी में हुए फर्नेश ब्लास्ट में एक मासूम बच्ची समेत सात लोग गंभीर रुप से झुलस गए थे। इसमें से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो चुकी है। एक अन्य की भी मौत हो गई है। याने सात में से चार की मौत हो गई है। इसमें एक ही परिवार के तीन लोग शामिल है। इतना बड़ा हादसा होने के बाद भी शासन की ओर से किसी तरह की राहत राशि की घोषणा नहीं की गई है। इसके कारण भी गांव के लोग काफी आक्रोशित हैं। एनएच 49 में प्रदर्शन के दौरान काफी बवाल हुआ था तब जाकर वहां एसडीएम प्रवीण तिवारी पहुंचे और मान-मनौव्वल का दौर शुरु हुआ। मौके पर ही पांच लाख का चेक दिया गया। इसके अलावा जो प्रपत्र तैयार किया गया है उसमें मिलने वाली राशि की जानकारी देने के बाद मामला शांत हुआ।

### विधायक उमेश पहुंचे मौके पर

इस दौरान खरसिया विधायक उमेश पटेल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन दिया। विधायक उमेश ने भी हर परिवार को 50-50 लाख मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन- प्रशासन इतने संवेदनशील मामले को भी हल्के में ले रही है। अब तक शासन की ओर से किसी तरह की सहायता राशि की घोषणा नहीं की गई है। विधायक उमेश पटेल ने प्लांट मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है।

### अस्पताल से आई शव तो हो गई आंखे नम

11 फरवरी को अस्पताल में भर्ती में से तीन की मौत हो गई थी। इनका शव जब गांव पहुंचा तो ग्रामीणों की आंखे नम हो गई। इसके बाद गुस्सा भी बढ़ते जा रहा था। धीरे-धीरे यह चिंगारी आग में बदल गई और लोगों ने धरना प्रदर्शन चालू कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों का आरोप था कि मालिक को प्रशासन बचा रहा है। उसके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। एफआईआर में अब तक नाम नहीं है। यहीं ग्रामीणों के गुस्से का कारण था।

## कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव का किया औचक निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी काउंटर, दवा कक्ष एवं ओपीडी कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्वास्थ्य कर्मी भोजन अवकाश के बाद अनुपस्थित पाए गए। इस संबंध में नर्सिंग स्टाफ ने बताया कि डॉक्टर लंच पर गए हैं, लंच से वापस अस्पताल नहीं पहुंचे थे। कलेक्टर ने ड्यूटी चार्ट का अवलोकन किया। इस पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को समझाइश देते हुए समय पालन के सख्त निर्देश दिए। अस्पताल में यहां चार नर्सिंग स्टाफ कार्यरत हैं, जिनमें से दो नियमित स्टाफ नर्स हैं। डिलीवरी के लिए ग्राम चचरेल से आई मरीज सुगम नेताम से कलेक्टर ने चर्चा कर पूछा कि समय पर भोजन और दवाइयां मिल रही हैं या नहीं। मरीजों से अस्पताल की सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली गई। कलेक्टर ने निरीक्षण पंजी का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान पंजी में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए कि क्या पाया गया और क्या निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी जानकारी ली कि अस्पताल में बीएमओ



निरीक्षण के लिए आए थे या नहीं। कलेक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पैथोलॉजी लैब तथा अतिरिक्त 6 बिस्तरों वाले कक्ष का भी निरीक्षण किया। भटगांव के स्वास्थ्य केंद्र में 30 से अधिक गांवों के लोग उपचार के लिए आते हैं। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही न बरतने और आमजन को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## ममेरी बहन के साथ दवाई लेने जा रही कार सवार युवतियों से छेड़खानी, पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चांदमारी रोड पर कार सवार दो युवतियों के साथ छेड़खानी की गंभीर घटना पर महिला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। घटना में प्रयुक्त ग्रैंड विटारा कार क्रमांक सीजी 13 एडब्लू 2410 को भी जब्त किया गया है। मामले में शामिल अन्य चार आरोपी गिरफ्तारी के भय से फरार हैं, जिनकी सघन पतासाजी जारी है।

10 फरवरी को महिला थाना में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 09 फरवरी की रात करीब 11 बजे वह अपनी ममेरी बहन के साथ कार से रायगढ़ दवाई लेने जा रही थीं। चांदमारी रोड पर कार रोककर वे आवारा कुत्तों को बिस्किट खिला रही थीं, तभी पीछे से एक नीले कलर की ग्रैंड विटारा कार में सवार पांच युवक पहुंचे और उन पर अशोभनीय टिप्पणियां एवं गंदे इशारे करने लगे। दोनों युवतियां वहां से निकल गईं, परंतु आरोपियों




ने उनका पीछा किया और रियापारा तिराहा चौक के पास ओवरटेक कर उनकी कार के सामने अपनी कार अड़ा दी। एक युवक कार से उतरकर अशोभनीय हरकत करते हुए अपना नाम प्रदीप पटेल बताया, जबकि अन्य साथी भी अश्लील टिप्पणियां करते रहे। घटना की रिपोर्ट पर महिला थाना में धारा 78,(2)126,(2), 79 75,(3) 3,5 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। महिला थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़ को अवगत कराते हुए उनके मार्गदर्शन में पुलिस लाइन, थाना कोतवाली के स्टाफ के साथ आरोपियों की तलाश में दबिश दी गई। जांच के दौरान ग्रैंड विटारा कार ढिमरापुर स्थित प्रदीप पटेल के घर के सामने मिली, किंतु वह फरार था। आगे की जांच में वाहन घटना दिवस पर नरेन्द्र महावर द्वारा चलाया जाना पाया गया। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नरेन्द्र महावर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने प्रदीप पटेल, कमलेश यादव, राहुल गुप्ता एवं संगम त्रिपाठी निवासी सतीगुड़ी चौक रायगढ़ के साथ मिलकर युवतियों का पीछा कर रास्ता रोककर छेड़खानी करना स्वीकार किया। आरोपी नरेन्द्र महावर पिता नथोली राम महावरए उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड नं 1 चांदमारी भवानी स्कूल के पास थाना सिटी कोतवाली जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### परिसर एवं पटरियों के आसपास मवेशी लाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

## मवेशियों की आवाजाही रोकने रेलवे चलाएगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे प्रशासन द्वारा सुरक्षित एवं समयबद्ध रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिलासपुर मंडल के तहत आने वाले रेलवे स्टेशनों एवं रेलवे लाइनों के आसपास मवेशियों की आवाजाही रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

रेलवे नियमों के अनुसार रेलवे स्टेशन परिसर, रेलवे ट्रैक एवं उसके आसपास मवेशियों को लाना अथवा खुला छोड़ने से मवेशी रेलवे ट्रैक पर आ जाने के कारण रेलगाडी से टकराने के कारण होने वाली दुर्घटना से यात्रियों की सुरक्षा में




संकट उत्पन्न होता है जो अपराध की श्रेणी में आता है। इससे ट्रेनों के सुरक्षित संचालन, समयपालन तथा यात्रियों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडल द्वारा प्रभावित स्थानों पर पशुपालकों, चरवाहों तथा मवेशियों के मालिकों को समझाईश दी गई है। इसके बाद भी उनके द्वारा लापरवाही बरतने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। मवेशी यदि रेलवे स्टेशन एवं रेलवे लाइनों के आसपास पहुंचे तो रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। रेलवे प्रशासन द्वारा सुरक्षित एवं समयबद्ध रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिलासपुर मंडल के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों एवं रेलवे लाइनों के आसपास मवेशियों की आवाजाही रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रेलवे नियमों के अनुसार रेलवे स्टेशन परिसर, रेलवे ट्रैक एवं उसके आसपास मवेशियों को लाना अथवा खुला छोड़ने से मवेशी रेलवे ट्रैक पर आ जाने के कारण रेलगाडी से टकराने के कारण होने वाली दुर्घटना से यात्रियों की सुरक्षा में संकट उत्पन्न होता है जो अपराध की श्रेणी में आता है। इससे ट्रेनों के सुरक्षित संचालन, समयपालन तथा यात्रियों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडल द्वारा प्रभावित स्थानों पर पशुपालकों, चरवाहों तथा मवेशियों के मालिकों को समझाईश दी गई है इसके बाद भी उनके द्वारा लापरवाही बरतने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## वनांचल व खनिज प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने प्रशासन की व्यापक पहल

**रायगढ़।** जिले के खनिज उत्खनन प्रभावित, आदिवासी बाहुल्य एवं सुदूर वनांचल क्षेत्र तमनार, घरघोड़ा, छाल, धरमजयगढ़, कापू और लैलूंगा विकासखंड एवं संबंधित तहसील क्षेत्रों में संचालित शासकीय सेवा प्रदाता संस्थानों का व्यापक कायाकल्प किया जाएगा। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास तथा आदिजाति विकास विभाग के संस्थानों को और बेहतर, सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने ठोस पहल प्रारंभ कर दी है। कलेक्टर ने कहा कि खनिज उत्खनन प्रभावित एवं सुदूर वनांचल क्षेत्रों मंक बुनियादी और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन क्षेत्रों में संचालित सभी शासकीय संस्थानों को मानक अनुरूप विकसित कर आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने गुरुवार को तमनार एवं घरघोड़ा विकासखंड के विभिन्न सुदूर वनांचल ग्रामों का सघन दौरा कर जमीनी स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम महलोई में संचालित उपस्वास्थ्य केंद्र, महलोई के झारगांव स्थित सामुदायिक भवन में अस्थायी रूप से संचालित आंगनबाड़ी केंद्रए प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला महलोई तथा बासनपाली के आंगनबाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया।

# राजस्व रिकार्ड में हेराफेरी कर शासन को लगाया लाखों का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

■ सुरंगपानी धान खरीदी केन्द्र का मामला

ग्राम पंचायत सुरंगपानी में अनेको कृषक के नाम पर फर्जी तरीके से रकबा जोड़कर और नियम विरुद्ध टोकन जारी कर फर्जी धान खरीदी कर शासन को लाखों रुपये की चपत लगाने का मामला प्रकाश में आया है। फर्जीवाड़ा ऐसा की जांच हो तो हेराफेरी के कई राज सामने आ जाएंगे। इस फर्जीवाड़ा गिरोह के बिचौलियों ने अनेक किसानों के खातों में प्रसाशन व खरीदी केन्द्र के पदाधिकारियों कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर बड़े फर्जीवाड़े को अंजाम दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पहले राजस्व अभिलेखों में दूसरे किसानों की जमीन को अपने परिचित किसानों के पंजीयन में फर्जी तरीके से एग्रिस्टेग करवा कर पंजीयन करवाया गया। बकायदा गिरदावरी से लेकर पंजीयन सत्यापन धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया में हेराफेरी कर फर्जी धान खरीदी करवा कर छत्तीसगढ़ सरकार को लाखों की चपत लगा चुके है। इस पूरे सिंडिकेट का पर्दाफाश तब हुआ जब एक किसान का चार बार टोकन जारी हुआ और फर्जी धान खरीदी की भनक मीडिया को लगी जिसके बाद रिकार्ड में पड़ताल करने पर पता चला कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार, कार्तिक पिता दखल साय (जाति-गोंड) के नाम पर 6 खसरा नंबर और 2.335 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। आरोप है कि कार्तिक राम पिता उजागर नामक कृषक की जमीन के 4 बड़े खसरा नंबरों को फर्जी तरीके से कार्तिक (पिता दखल साय) के नाम पर जोड़ दिया गया। जो कि 134/1,139/1,291/8,293 रकबे में कुल भूमि 5.516 हेक्टेयर जमीन को फर्जी तरीके से पंजीयन करा कर 875 बोरी धान की खरीदी कर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया है। इस फर्जी रकबे का न केवल एग्रीस्टेक किया गया, बल्कि बिना भौतिक सत्यापन के इसे पोर्टल पर चढ़ा दिया गया ताकि अधिक मात्रा में धान की बिक्री की जा सके। इसी प्रकार किसान भरत चौहान पिता रामसाय चौहान के पास राजस्व अभिलेख में 8 खसरे के नंबर में 1.786 हेक्टेयर जमीन सामलाती खाते की है. जिसमें चार हिस्सेदार सदस्य हैं। परंतु उस किसान के पंजीयन में बिचौलियों द्वारा पटवारी व तहसीलदार के साथ साठगांठ कर कुल रकबा 4.239 हेक्टेयर का फर्जी पंजीयन कराया गया। जिसमें दिलीप नामक किसान का 133/1 रकबा 0.1780 हेक्टेयर एवं मु.गतिबाला पिता शिवप्रसाद सहित आठ अन्य हिस्सेदार की राजस्व अभिलेख में दर्ज भूमि में से 5 खसरा नम्बर क्रमशः 448/1 523/1 525/2 533/1 647/3 ग्राम सुरंगपानी का कुल रकबा 1.369 को फर्जी तरीके से जोड़कर लगभग 146 क्विंटल मतलब 365 बोरी धान अवैधानिक रूप से बेचा गया।



### टोकन जारी करने में नियमों की अनदेखी

इस मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू टोकन जारी करने की प्रक्रिया है। नियमानुसार और भौतिक स्थिति के विपरीत, कंप्यूटर ऑपरेटर और फड़ प्रभारी की मिलीभगत से तीन के बजाय चार बार टोकन जारी किए गए जिसमें 7 जनवरी 2026 को 150 क्विंटल (375) बोरी, 23 जनवरी 2026: 246 क्विंटल (615 बोरी) का एक टोकन जारी किया गया, जिसे बाद में संदिग्ध परिस्थितियों में निरस्त कर दिया गया। इसके बाद 30 जनवरी 2026 इसी कृषक के नाम पर दोबारा 100 क्विंटल (250 बोरी) का फर्जी टोकन जारी हुआ। 05 फरवरी 2026: पुनः 100 क्विंटल का एक और टोकन जारी कर धान की खरीदी भी पूर्ण कर ली गई। वही किसान भरत चौहान पिता रामसाय चौहान का टोकन दिनांक 29/12/2025 को 146 क्विंटल 356 बोरी धान बिक्री किया है।

### मिली है जानकारी

मामले की जानकारी मिली है। यह गंभीर विषय है। संबंधित किसानों के नाम व ब्यौरे की पतासाजी की जा रही है। निश्चित ही दोषी अधिकारी-कर्मचारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-ऋतुराज बिसेन**, एसडीएम, पत्थलगांव

### जांच के बाद कार्रवाई

यह अत्यंत संवेदनशील मामला है। मैं तत्काल इसे कलेक्टर के संज्ञान में लाता हूं। जांच के बाद कड़ी कार्रवाई होगी।

**-शम्भू गुप्ता**, डीएमओ, जशपुर नगर

## खबर संक्षेप

### भारत बनाम बेल्जियम का बिरसा मुंडा स्टेडियम में रोमांचक मुकाबला

**राउरकेला।** एफआईएच प्रो हॉकी लीग के दूसरे दिन राउरकेला स्थित बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले गए भारत और बेल्जियम के बीच मुकाबले ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। शाम 7.30 बजे शुरू हुए इस हाई वोल्टेज मैच में दोनों टीमों ने दमदार प्रदर्शन कर हॉकी प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैच के दौरान स्टेडियम में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में दर्शक अपनी टीम का हौसला बढ़ाने पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस मुकाबले ने राउरकेला को एक बार फिर वैश्विक खेल मानचित्र पर प्रमुखता से स्थापित किया। कार्यक्रम में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार तिर्की की उपस्थिति रही। उनके साथ एशियन हॉकी फेडरेशन के उपाध्यक्ष एवं हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह तथा कोषाध्यक्ष सेकर मनोहरन भी मौजूद रहे।

### महाशिवरात्रि से पहले वेदव्यास में तैयारियां शुरू

**राउरकेला।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 15 फ़रवरी रविवार को प्रसिद्ध शैव पीठ वेदव्यास में हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। श्रद्धालुओं को सुचारु एवं व्यवस्थित दर्शन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से मंदिर परिसर और आसपास के प्रमुख स्थलों पर बैरिकेडिंग का कार्य आरंभ कर दिया गया है। संभावित भीड़ को नियंत्रित करने और दर्शन व्यवस्था को अनुशासित बनाए रखने के लिए विशेष सुरक्षा योजना तैयार की गई है। श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के साथ साथ किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने पर प्रशासन विशेष ध्यान दे रहा है।

### राउरकेला में भारत बंद का मिला जुला असर

**राउरकेला।** भारत बंद के आह्वान हर मिला जुला असर गुरूवार 12 फरवरी को शहर व आसपास देखने को मिला। बंद के समर्थन में विभिन्न संगठनों और श्रमिक यूनियनों ने सुबह से ही शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर प्रदर्शन किया, लोगों सुबह छह बजे से दोपहर तक यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। शहर के मुख्य बाजार डेली मार्केट, पानपोस और सेक्टर 19 के आम बगान में कई दुकानें एहतियातन बंद रहीं, जबकि कुछ व्यापारिक प्रतिष्ठान दोपहर बाद खुले। सब्जी मंडियों और छोटी दुकानों पर बंद का प्रभाव देखा गया। बैंक और सरकारी कार्यालय खुले रहे, हालांकि कर्मचारियों की उपस्थिति सामान्य से कम बताई गई। बंद समर्थकों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर रैलियां निकालीं और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

### छात्रा की मौत पर आईएमएसएस का प्रदर्शन

**राउरकेला।** बिसरा थाना क्षेत्र में 10वीं कक्षा की छात्रा के साथ हुए बर्बरता और उसके बाद हुई मौत की घटना को लेकर सर्वभारतीय महिला संगठन आईएमएसएस सुंदरगढ़ जिला समिति ने गहरी चिंता व्यक्त की है। संगठन ने राउरकेला स्थित अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन आयोजित कर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। आईएमएसएस की जिला सचिव विद्युत महंत की अध्यक्षता में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में अखिल भारतीय महासचिव छवि महांति, जिला अध्यक्ष लियोनी तिर्की, लिली महांति, गीतांजलि महांति, ओहिदा बेगम, प्रतिभा दंडपाट, कविता महांति और असीमा बेहेरा सहित कई सदस्य उपस्थित थे। प्रदर्शनकारियों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले में शीघ्र कार्रवाई की अपील की।

### बैंक गली में विवाहिता की साड़ी के फंदे से लटकी मिली

**राउरकेला।** शहर के प्लांट साइट थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगल भवन के सामने वीर सावरकर लेन बैंक गली व होटल पार्क गली में एक विवाहिता का शव फंदे से लटका हुआ मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान 41 वर्षीय विद्योतमा देवी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और साइंटिफिक टीम को बुलाई। पुलिस व साइंटिफिक टीम ने संयुक्त रूप से मामले की जांच पड़ताल कर दी। मौत से कुछ घंटे पहले ही विद्योतमा गांव से राउरकेला आई थी। पति की लिखित शिकायत पर पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंपा। मृतका के पति नीरज कुमार उर्फ़ चुन्नू पिता भूषण सिंह ने भी घटना को लेकर पुलिस को जानकारी दी की मंगलवार की रात को वह होटल से भोजन ला कर साथ में खाये, लेकिन दोनो अलग अलग कमरे में सोये। बुधवार की सुबह जब पति के कमरे में आई तो पत्नी विद्योतमा को साड़ी के साहरे पंखे में लटकी मिली, तब वह तत्काल फंदे से उतार दिया, तब तक विद्योतमा की सांस थम चुकी थी। फिलहाल पुलिस मामले की सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

## हाइवा एवं बस की आमने-सामने भिड़ंत, दर्जनों यात्री घायल

# रौनी घाटी में भीषण सड़क हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बगीचा–कुसमी मुख्य मार्ग पर रौनी घाटी में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके को दहला दिया। तेज रफ्तार हाइवा और सवारी बस के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और मौके पर अफरा-तफरी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक बस में सवार दर्जनों यात्री घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा घाटी के मोड़ पर हुआ, जहां तेज रफ्तार हाइवा सामने से आ रही बस से भिड़ गई। टक्कर के बाद बस के अगले हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा, वहीं कई यात्री सीटों से उछलकर गिर पड़े।



### कुछ समय के लिए घाटी हुई जाम, पुलिस पहुंची मौके पर

हादसे की सूचना मिलते ही बगीचा पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है। पुलिस द्वारा घायलों की संख्या और दुर्घटना के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। घाटी क्षेत्र में यातायात भी कुछ समय के लिए प्रभावित रहा।

### स्थाई सुरक्षा इंतजाम, सख्त ट्रैफिक मॉनिटरिंग की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि रोनी घाटी में तीखे मोड़ और तेज रफ्तार भारी वाहनों के कारण पहले भी हादसे होते रहे हैं। उन्होंने यहां स्थायी सुरक्षा इंतजाम और सख्त ट्रैफिक मॉनिटरिंग की मांग उठाई है।

## तेज रफ्तार पिकअप का कहर

■ मॉर्निंग वॉक पर निकले दो मिस्त्रियों की सड़क हादसे में मौत

सुबह की सैर पर निकले दो मजदूरों के लिए गुरुवार की सुबह जिंदगी की आखिरी सुबह साबित हुई। तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें इतनी जोरदार टक्कर मारी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत भाग निकला। घटना से गम्हरिया और आसपास के गांवों में शोक की लहर है।

मिली जानकारी के अनुसार गम्हरिया में मिस्त्री का काम करने वाले अबदोन लकड़ा उम्र 50 वर्ष और हीरा राम रोज की तरह सुबह करीब 6 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। वे सड़क किनारे टहल रहे थे, तभी रांची की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात पिकअप ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन की रफ्तार काफी तेज थी। चालक ने न तो ब्रेक लगाया और न ही रुककर देखने की कोशिश की, बल्कि सीधे भाग निकला।

### हादसे के बाद मचा हड़कंप

घटना के बाद सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और आगे की कार्रवाई शुरू की। पहचान होने पर परिजनों को खबर दी गई, जिसके बाद परिवार के लोग बदहवास हालत में पहुंचे।

### गांव में पसरा मातम

दोनों मृतक मेहनत-मजदूरी कर परिवार चलाते थे। अचानक हुए हादसे से उनके घरों, परिचित एवं रिश्तेदारों में मातम पसर गया है। ग्रामीणों ने तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और आरोपी चालक की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं ताकि वाहन की पहचान हो सके। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को जल्द पकड़ लिया जाएगा।



## खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने मिल रहा सशक्त मंचः भगत

■ सरगुजा ओलंपिक : जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में खिलाड़ियों में खेल उत्साह को बढ़ावा देने एवं प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित सरगुजा ओलंपिक के तहत विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं के उपरांत जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन जिला मुख्यालय जशपुर स्थित रणजीता स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ जशपुर विधायक राय मुनी भगत द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं खेल ध्वज फहराकर किया गया। विधायक राय मुनी भगत ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन से जिले, संभाग एवं राज्य के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच मिल रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्न निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा रोजगार अधिकारी दुर्गेशवरी सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज जिले के सभी विकासखंडों से बालक एवं बालिका वर्ग के लगभग 1600 जूनियर खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं में भाग ले रहे हैं। कल सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

## लिमगांव में 44 किसान 65 एकड़ में कर रहे मूंगफली की खेती

**सारंगढ़।** सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम लिमगांव में किसानों ने रबी सीजन में परंपरागत धान की खेती छोड़कर मूंगफली की खेती की ओर रुख किया है। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे को सभी किसानों ने अपने फसल की जानकारी दी कि वे रबी सीजन में मूंगफली की खेती को प्राथमिकता दे रहे हैं। कलेक्टर ने पैदावर क्षेत्र का दौरा कर खेत में फसल का जमीनी हकीकत जाना और किसानों से विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने इस वर्ष सभी किसानों को सहसपुर में पंजीयन कराने के निर्देश दिए तथा वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर उमेश कुमार साहू एवं कृषि अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा किसानों को बेहतर उत्पादन और आय वृद्धि के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। लिमगांव के किसान संतोष साहू ने जनवरी माह में 4 एकड़ में मूंगफली की बोनी की है। उन्होंने बताया कि मूंगफली की फसल लगभग 4 माह में तैयार हो जाती है और धान की तुलना में पानी की खपत भी काफी कम होती है। पिछले वर्ष उन्होंने धान की खेती की थी, लेकिन इस बार अधिक लाभ को देखते हुए चार एकड़ में मूंगफली लगाई है।

### पैरालीगल वॉलिंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन वर्ष 2025-26 के अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर सत्येन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित विभिन्न योजना आशा, डॉन, जागृति एवं संवाद के अंतर्गत आम नागरिकों एवं जन समुदाय तक कानूनी सहायता व सलाह तथा उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किये जाने के प्रयोजनार्थ विगत दिवस 11 फरवरी 2026 को जिला न्यायालय जशपुर के सभाकक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के अंतर्गत जिला एवं तालुका स्तर के अधिकार मित्रों पैरालीगल वॉलिटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## घरघोड़ा में नव नियुक्त मोर्चा पदाधिकारियों का स्वागत, बाजे गाजे व बाइक रैली से गूंजा नगर

**घरघोड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मोर्चाओं में नव नियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत में घरघोड़ा नगर में ऐतिहासिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. यशवंत शिंदे, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष अम्बिका सोनवानी, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष गुरुनाम सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष समयनाथ मांझी तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता के मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर स्वागत किया गया।



नव नियुक्त अध्यक्षों के आगमन पर रेस्ट हाउस घरघोड़ा में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से लादकर आत्मीय अभिनंदन किया। ढोल नगाड़ों, बाजे गाजे और आतिशबाजी के साथ पूरा परिसर उत्साह और उल्लास से सराबोर हो उठा। कार्यकर्ताओं में भारी जोश देखने को मिला तथा जय भाजपा विजय भाजपा के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर बस स्टैंड घरघोड़ा से जय स्तम्भ चौक तक विशाल बाइक रैली निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मोटरसाइकिलों के साथ रैली में शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रैली निकाली गई, जहां जगह जगह नागरिकों व व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर नव नियुक्त अध्यक्षों का स्वागत किया। रैली के दौरान पार्टी के झंडे, बैनर और स्वागत तख्तियों से पूरा नगर सजा नजर आया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. यशवंत शिंदे ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से निभाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। मंडल अध्यक्ष अम्बिका सोनवानी ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनका नहीं बल्कि पूरे संगठन और प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है।

## बुकिंग कराकर घूमने ले गए मैनपाट, वापसी में लूट ली स्कॉर्पियो

■ गला दबाकर दिया वारदात को अंजाम, बांगो क्षेत्र में वाहन छोड़कर भागे लुटेरे

**सरगुजा।** घूमने के बहाने से बुकिंग कराई गई स्कॉर्पियो वाहन की लूट का मामला सामने आया है। मैनपाट से वापस लौटते समय बदमाशों ने पीछे से वाहन स्वामी के गले को बेल्ट से दबा दिया। इस दौरान युवक ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इधर लुटेरे वाहन को लेकर फरार हो गए। हालांकि बताया जा रहा है कि पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को बरामद कर लिया है जबकि आरोपियों की तलाश जारी है।



बताया जा रहा है कि 10 फरवरी को चार युवक पुराना बस स्टैंड में पहुंचे थे। युवकों ने चार पहिया वाहन की बुकिंग के लिए कुमार कलेक्शन के सामने एक पंचर दुकान वाले से संपर्क किया। पंचर दुकान के संचालक ने भट्ठी रोड निवासी अंकित सिन्हा को फोन कर स्कार्पियो की बुकिंग के लिए कहा। अंकित सिन्हा ने बताया कि गाड़ी का ड्राइवर नहीं है। पंचर दुकान वाले ने बताया कि युवकों को मैनपाट घूमने के बाद शाम को ड्राप कर देना है। शिकायतकर्ता अंकित सिन्हा ने बताया कि वह अपनी स्कार्पियो क्रमांक सीजी 16 सीजे 5333 वाहन स्वयं चलाकर पुराना बस स्टैंड पहुंचा। चारों युवक स्कार्पियो वाहन में सवार हो गए जिसके बाद उसने युवकों को उल्टापानी, दलदली, टाइगर प्वाइंट एवं अन्य पर्यटन स्थल घुमाया। मैनपाट प्वाइंट होटल में नाश्ता करने के बाद चारों वापस अंबिकापुर आने के लिए निकले थे। इस दौरान देर शाम 7. 30 बजे मैनपाट-दरिमा रोड में बरगई के पास युवकों ने उल्टी लगने की जानकारी देकर स्कार्पियो वाहन रोकने के लिए कहा। अंकित सिन्हा ने जब गाड़ी रोकी तो सामने बैठा एक युवक एवं पीछे बैठा एक युवक गाड़ी से उतर गए। वहीं ड्राइवर के पीछे की सीट पर बैठे एक युवक ने बेल्ट से अंकित सिन्हा का गला दबाने की कोशिश की। अंकित सिन्हा किसी तरह से बेल्ट को गले से हटाने में कामयाब हो गया और गाड़ी से उतरकर बाहर भागा।

## बासनताला स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गलतियों से सीखना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला में प्राचार्य मोहम्मद रईसुल हसन खान के मार्गदर्शन में 11 फरवरी को कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों का भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

विद्यालय परिवार द्वारा खेल स्टेडियम में 12 वीं के सभी विद्यार्थियों का तिलक एवं बेज लगाकर सम्मान किया गया तथा नृत्य करते हुए स्वागत के साथ इन्हें विद्यालय मंच तक लाया गया। समारोह का शुभारंभ प्राचार्य खान एवं कार्यक्रम के सभी मुख्य अतिथि कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों द्वारा विद्यादायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं राज्य गीत के साथ किया गया ।तथा 6 वीं से 11वीं तक के छात्र छात्राओं द्वारा इनका पुष्प गुच्छ एवं स्वागत गान से सम्मान किया गया एवं नृत्य सहित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति की गई।




### ऊंची सोच के साथ किया गया कार्य देता है ऊंचा परिणाम

इस अवसर पर प्राचार्य मोहम्मद रईसुल हसन खान एवं वरिष्ठ व्याख्याता ब्लारमी तिर्की तथा संदीप मिंज ने वार्षिक परीक्षा की बेहतर तैयारी एवं उत्कृष्ट परिणाम के लिए मार्गदर्शन तथा आशीर्वाद प्रदान किए। प्राचार्य खान ने कहा कि हमेशा ऊंची सोच के साथ कार्य करें तो उपलब्धि भी ऊंची मिलेगी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति, आत्म विश्वास, कठिन परिश्रम एवं गलतियों से सीखना आवश्यक है। यदि इन सारी बातों को अमल में लाया जाए तो दुनिया की कोई भी ताकत लक्ष्य प्राप्ति से नहीं रोक सकता। 12 वीं के विदा ले रहे विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय से मिली उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा कला, विज्ञान एवं वाणिज्य समूह के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के लिए क्रमशः मेट, मां सरस्वती की प्रतिमा और दीवाल घड़ी प्राचार्य के लिए भेंट किया गया वहीं 6 वीं से 11 वीं तक के बच्चों द्वारा 12 वीं के विदा ले रहे बड़े भाई बहनों के लिए फाइल एवं स्केल प्रदान किया गया।

### बिसरा चौक बंद समर्थकों व आम जनों में झड़प

**राउरकेला।** 12 फरवरी को वाम दलों, ट्रेड यूनियनों और विभिन्न संगठनों द्वारा आहूत भारत बंद का व्यापक असर देखने को मिला। केंद्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए बंद समर्थकों ने शहर के प्रमुख स्थानों पर पिकेटिंग कर सड़कों को अवरुद्ध किया। बिसरा चौक पर की गई घेराबंदी के कारण यातायात पूरी तरह ठप हो गया। बस सेवा बंद रहने से बस स्टैंड में सौ से अधिक बसें खड़ी रहीं, वहीं पेट्रोल पंप और कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी बंद रहे। 24 घंटे के बंद के कारण शाम तक लोगों को राहत नहीं मिली और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। बंद को सफल बनाने के लिए कांग्रेस भी जिला अध्यक्ष साबिर हुसैन के नेतृत्व में सड़कों पर उतरी और मार्ग अवरोध किया। इस दौरान बंद समर्थकों और आम लोगों के बीच कहासुनी और झड़प की स्थिति उत्पन्न हो गई, हालांकि पुलिस की मौजूदगी में मामला नियंत्रित कर लिया गया। मुख्य मार्ग बंद होने पर लोगों ने गांधी रोड बस्ती से रेलवे लाइन किनारे संकरे रास्तों से होकर रिंग रोड तक पहुंचने का सहारा लिया।





स्पेशल: वर्ल्ड रेडियो-डे

## ज्ञान-विज्ञान-मनोरंजन का खजाना

# रेडियो का सफर है बहुत सुहाना

बच्चो, एक समय था, जब घर-घर में लोग रेडियो सुनते थे। रेडियो के माध्यम से देश-विदेश के समाचार मिलते थे। ज्ञान-विज्ञान का खजाना होता था रेडियो। मनोरंजन का एक बहुत बड़ा साधन था रेडियो। आज भी लोग रेडियो सुनते हैं, इसका अपना एक अलग महत्व है। रेडियो की शुरुआत कैसे हुई, तुम्हारे लिए इससे जुड़ी कुछ जानकारियां।

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, तुमने घर में अपने दादा जी को बड़े ध्यान से रेडियो सुनते देखा होगा। यही नहीं तुम भी कार या कैब में एफएम रेडियो पर सुरीले गीत और मनोरंजक कार्यक्रम सुनते होगे। तुम्हारे मन में कभी-कभी यह सवाल आता होगा, रेडियो की शुरुआत कैसे और कब हुई? यह कैसे इतना लोकप्रिय हो गया? आज विश्व रेडियो दिवस (13 फरवरी) के अवसर पर जानो, रेडियो से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

**संचार का सशक्त माध्यम:** बच्चो, रेडियो सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा दोस्त है, जो बिना चेहरा दिखाए हमें दुनिया से जोड़े रखता है। हर साल 13 फरवरी को दुनिया भर में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है, ताकि संचार के इस पुराने सशक्त माध्यम के महत्व को समझा और सराहा जा सके।

**स्वतंत्रता आंदोलन का साथी रेडियो:** बच्चो, भारत की आजादी की लड़ाई में रेडियो का बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान रेडियो ने स्वतंत्रता सेनानियों के संदेश प्रसारित कर आम नागरिकों को जागरूक किया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उषा मेहता के 'कांग्रेस रेडियो' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजाद हिंद रेडियो' जैसे प्रयासों ने जन-जागरण में अहम भूमिका निभाई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से और बाद में सिंगापुर/रंगून से रेडियो के जरिए ही देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी। रेडियो ने गांवों तक आजादी के संघर्ष की खबरें पहुंचाईं, जिससे देश भर में एकजुटता बढ़ी। बच्चो, जरा सोचो रेडियो बिना लाखों लोगों तक हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज भला कैसे पहुंचती?



**ज्ञान के प्रसार में सहायक:** आजादी के बाद रेडियो ने साक्षरता, स्वास्थ्य, जागरूकता और कृषि ज्ञान के प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई। यह दूर-दराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और रेगिस्तानी क्षेत्रों में भी स्थानीय भाषाओं में समाचार और मनोरंजन प्रसारित करने वाला सबसे प्रभावी माध्यम बना। स्वतंत्रता की घोषणा से लेकर, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू के भाषण और ऐतिहासिक पलों की कमेंट्री रेडियो ने ही घर-घर में पहुंचाई।

**संकटमोचन की भूमिका में रेडियो:** बच्चो, प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, चक्रवात आदि के समय जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, तब रेडियो ही दूर-दराज में रहने वाले देशवासियों को जरूरी सूचनाएं देता है। वर्तमान समय में आकाशवाणी और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री की 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए रेडियो देश के हर तबके तक जुड़ा हुआ है।

**रेडियो के विकास में भारत का योगदान:** वैसे तो पहला व्यावहारिक रेडियो 1895 में गुग्लिएल्मो मार्कोनी द्वारा बनाया गया था, लेकिन भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने 1895 में बिना तार के सिग्नल भेजने का प्रदर्शन कर दिया था। भारत में पहला रेडियो प्रसारण जून 1923 में बॉम्बे रेडियो क्लब द्वारा किया गया था। अपने देश का ऑल इंडिया रेडियो 99 प्रतिशत जनसंख्या तक पहुंच के साथ दुनिया के सबसे बड़े प्रसारकों में से एक है।



जगदीश चंद्र बसु

**जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक रेडियो:** बच्चो, रेडियो तरंगें अंतहीन होती हैं। यदि इन्हें कोई अवशोषित नहीं करता है तो ये अनंत काल तक यात्रा कर सकती हैं। रेडियो बिजली के बिना भी काम करता है। पुराने ट्रांजिस्टर (रेडियो) बैटरी या सेल से चलते थे। रेडियो तरंगें न केवल ध्वनि, बल्कि खगोलीय पिंडों (ग्रहों, तारों) से भी उत्सर्जित होती हैं, जिनका अध्ययन रेडियो टेलीस्कोप से किया जाता है।

**भारत में आकाशवाणी:** ऑल इंडिया रेडियो को 1957 में आधिकारिक तौर पर 'आकाशवाणी' का नाम दिया गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को नेहरू जी का भाषण ऑल इंडिया रेडियो से ही प्रसारित हुआ था। मां दुर्गा की लोकप्रिय 'महिषासुर मोर्दिनी' (महालया) भारत के सबसे पुराने रेडियो कार्यक्रमों में से एक है, जो 1931 से प्रसारित हो रहा है। *

### कुछ रोचक तथ्य



**दुनिया का पहला रेडियो स्टेशन:** बच्चो, दुनिया का पहला व्यावसायिक रेडियो स्टेशन 1920 में अमेरिका में शुरू हुआ था, जबकि भारत में बड़े स्तर पर रेडियो प्रसारण 23 जुलाई 1927 को मुंबई से शुरू हुआ था।
**पहली सिग्नेचर धुन:** ऑल इंडिया रेडियो की मशहूर धुन किसी भारतीय ने नहीं बल्कि एक यहूदी शरणार्थी वाल्टर कॉफमैन ने बनाई थी, जो आज भी ऑल इंडिया रेडियो की पहचान है।
**रेडियो सुनने के लिए लाइसेंस:** आज लोग भले ही कभी भी कहीं भी रेडियो सुन सकते हैं, लेकिन 1920 के दशक में भारत में रेडियो सुनने के लिए बाकायदा लाइसेंस लेना पड़ता था। 1927 में अपने देश में रेडियो लाइसेंस धारकों की संख्या मात्र 3,594 थी।



# बहुत अनोखी झील है ब्लैक सी

बच्चो, दक्षिण-पूर्व यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित ब्लैक सी, कई मायने में सामान्य झीलों से अलग है। ब्लैक सी के निर्माण और इसकी कुछ विशेषताओं के बारे में तुम भी जानो।

यह भी जानो
नयनतारा

बच्चो, ब्लैक सी यानी काला सागर, वास्तव में कोई समुद्र नहीं बल्कि एक विशाल झील है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है। यह दक्षिण पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है। ब्लैक सी के तट छह देशों की सीमाओं को स्पर्श करते हैं। ये देश हैं- यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया।

**संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन:** भौतिक दृष्टि से ब्लैक सी संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन है। 'मेरोमिक्टिक' का अर्थ यह है कि इसका गहरा पानी अनॉक्सिक है यानी उसमें ऑक्सीजन का अभाव है। इस कारण उसका गहरा पानी, ऊपरी परत के ऑक्सीजन युक्त पानी में मिश्रित नहीं होता है। पानी में ऑक्सीजन न होने की वजह से यह 'डेड जोन' बन जाता है, जिसमें 150 मीटर के नीचे कोई समुद्री जंतु या पौधा जीवित नहीं रह पाता है।



**इसलिए कहते हैं ब्लैक सी:** बच्चो, तुम्हारे मन में सवाल उठता होगा कि इस झील को 'ब्लैक सी' क्यों कहते हैं? दरअसल, अधिक ठंड के मौसम में ब्लैक सी में तेज तूफान उठता है, जिससे वह काले रंग के खतरनाक जल प्रवाह के रूप में दिखता है, इसीलिए इस झील को 'ब्लैक सी' नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, प्राचीन समय में तुर्की देश के नाविक उत्तर दिशा (जहां यह सागर स्थित है) को अपने कलर-कोडेड दिशा सूचक व्यवस्था में 'ब्लैक' कलर से प्रदर्शित करते थे, इसलिए भी इसे 'ब्लैक सी' कहा जाता है।

**ऐसे हुआ ब्लैक सी का निर्माण:** भू-वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक सी लगभग 7,500 साल पहले बनी, जब मेडिटेरेनियन यानी भूमध्य सागर में जबर्दस्त उफान आया और उसका विशाल जल प्रवाह बोस्फोरस स्ट्रेट (तुर्की के इस्तांबुल शहर में स्थित एक स्थल) को पार कर एक ताजा पानी की झील में पहुंच गया। इस प्रकार इस अनोखी झील, ब्लैक सी का निर्माण हुआ। *

### ब्लैक सी से जुड़े कुछ अन्य तथ्य

**ब्लैक सी** के गहरे पानी में चूंकि ऑक्सीजन नहीं है इसलिए उसमें मौजूद कोई भी लकड़ी हजारों साल तक गलती नहीं है। यही वजह है कि करीब 2,000 साल पहले इसमें डूबे पानी के जहाजों की लकड़ियां आज भी मौजूद हैं। इस सागर में लहरें नहीं उठती हैं, पानी किसी झील या तालाब की तरह शांत रहता है। नीचे का खारा पानी और ऊपर का ताजा पानी आपस में मिलते नहीं हैं। ऐसा लगता है जैसे दो अलग सागर एक-दूसरे के करीब हों।

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## दांत बन गए नेल कटर

अटर-पटर चटर-पटर,
गेहूं, चावल, दाल, मटर,
फल, मेवे, गुड़ और शक्कर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
झटपट ये बिल के अंदर,
चटपट आ जाते बाहर।
रोटी, बिस्कुट, ब्रेड, बटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
खाते प्लास्टिक की चेयर,
नरम पुराने फर्नीचर,
प्लास्टिक के पाइप, वायर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
तकिया, गद्दे और चादर,
कोट, शर्ट, ऊनी स्वेटर,

काट रहे पेपर-वेपर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
बड़े चटोरे, बड़े जबर,
मूंगफली, अखरोट कुतर,
दांत बन गए नेल कटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।



### बूझो तो जानें



1 गुजर सके हर एक वस्तु से
पर नजरों से गुम,
कहो कौन-सी किरणें हैं ये
जल्दी बूझो तुम।



2 एक मशीन इलेक्ट्रॉनिक है
बिजली से है चलता,
चित्र खींचता, खेल खिलाता
गणनाएं भी करता।।

3 चाहे हो ये दाए-बाए
अथवा ऊपर-नीचे,
लोहे की चीजों को झटपट
पलक झपकते खींचे।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर : 1.एक्स-रे, 2.कंप्यूटर, 3.चुंबक



## जीके क्विज-192

1. भारतीय टीम ने किस देश की टीम को हराकर अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. 'हैरी पॉटर' किसकी रचना है?
3. भारत के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?
8. सौरमंडल के किस ग्रह को 'लाल ग्रह' भी कहा जाता है?
9. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
10. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?



बच्चो, जीके क्विज-192 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-191 का उत्तर:** 1.निर्मला सीतारमण, 2.कलिंगा लांसर्स, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.पीवी सिंधु, 5.साइरस, 6.अजमेर और दिल्ली, 7.आर.के. षणमुखम चेट्टी, 8.बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, 9. प्लेटिनम, 10.ओडिशा


**जीके क्विज-191 का सही उत्तर देने वाले:** सतीश-रायपुर, आरसी-कोरबा, आदित्य-मुंगेली, श्रेया-गैसाबाद, कबीर-हिसार, विशाल-रोहतक, राजेश-रायपुर, पंकज-बिलासपुर, पल्लवी-बलौदा बाजार, हर्षित-महासमुंद, चंदन-रायगढ़



कहानी
हरीश कुमार अमित

परीक्षाएं क्या पास आईं, शशांक खेलना-कूदना बंद करके दिन-रात पढ़ाई में जुट गया। उसके दादा जी को इस तरह हमेशा पढ़ाई करते रहना सही नहीं लगा। एक दिन दादा जी ने शशांक को जो बातें समझाईं, अच्छे नंबर लाने के लिए, ये बातें हर बच्चे को जाननी चाहिए, तुम भी जानो।

# परीक्षा का तनाव



एआई इमेज

परीक्षा करीब आने से शशांक बड़े तनाव में था। कुछ दिनों बाद ही उसकी वार्षिक परीक्षाएं, जो शुरू होने वाली थीं। परीक्षा की तैयारी के लिए उसके स्कूल में छुट्टियां घोषित कर दी गई थीं। शशांक पढ़ने में होशियार था। हमेशा अच्छे अंक लाता था। उसके तनाव का कारण यह डर था कि कहीं इस बार उसके अंक कम न आ जाएं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए वह सारा दिन पढ़ाई करता रहता। ज्यादा पढ़ाई करने के लिए उसने अपनी नींद भी कुछ कम कर दी थी।

एक दिन दोपहर के समय शशांक पढ़ाई कर रहा था कि तभी उसके होम टाऊन से दादा जी आ गए। साल में एक-दो बार वह कुछ दिनों के लिए शशांक के पास जरूर आ जाया करते हैं। दादा जी का साथ उसे बहुत भाता है। उनसे शशांक का दोस्त जैसा रिश्ता है।

शाम को दादा जी पार्क में सैर करने के लिए जाने लगे तो उन्होंने शशांक से पूछा, 'बेटा, क्या आज तुम्हें अपने दोस्तों के साथ खेलने नहीं जाना?'

'नहीं दादा जी, मुझे परीक्षा की तैयारी करनी है न, इसलिए इन दिनों शाम को दोस्तों के साथ खेलने के लिए नहीं जा रहा हूं।'

दादा जी सैर करके वापस आए, तो उन्होंने देखा कि शशांक अब भी अपनी किताब लिए बैठा है। यह देखकर उन्होंने हैरानी से पूछा, 'अरे बेटा, क्या बात है? तुम शाम को टीवी नहीं देख रहे? तुम तो शाम को टीवी देखा करते थे।'

'दादा जी, परीक्षाएं आने वाली हैं न, इसलिए इन दिनों टीवी देखना भी बंद है।' शशांक का जवाब सुनकर दादा जी चुप रहे, कुछ बोले नहीं। रात का खाना खाने के बाद दादा जी घर में ही थोड़ी देर टहलते जरूर हैं। उन्होंने शशांक को भी अपने साथ टहलने के लिए कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए टहलने से मना कर दिया कि पढ़ाई करनी है, परीक्षाएं करीब हैं।

दादा जी हमेशा शशांक के कमरे में ही सोते हैं। रात को शशांक काफी देर बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई करता रहा और फिर पढ़ते-पढ़ते ही सो गया। आधी रात को जब दादा जी की नींद खुली तो उन्होंने उठकर ट्यूबलाइट बंद की।

शशांक ने सुबह पांच बजे उठकर पढ़ने के लिए अलार्म लगाया हुआ था। सुबह जब अलार्म बजा तो वह बड़ी मुश्किल से उठ पाया। उसकी आंखों में नींद भरी थी। रात को देर से सोने के कारण वह ठीक तरह से पढ़ नहीं पा रहा था। बीच-बीच में उसे झपकी आ जाती।

छह बजे सैर करने जाते समय दादा जी ने शशांक से कहा कि वह भी थोड़ी देर सैर करने चले, लेकिन वह बोला, 'दादा जी, अब मुझे नींद आ रही है। मैं थोड़ी देर सोऊंगा।' दादा जी सैर करके घर वापस आए तब भी शशांक सो रहा था। वह तभी उठा जब मम्मी ने उससे कहा कि वह नाश्ता बनाने जा रही हैं, अब वह उठ जाए।

नाश्ता करने के बाद दादा जी ने शशांक को अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत तो बहुत कर रहे हो, लेकिन अगर तुम कुछ बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हें दो फायदे होंगे। एक तो तुम्हारी तैयारी और बढ़िया होगी और दूसरा, तुम्हें जो यह परीक्षा का डर सता रहा है, वह भी कम हो जाएगा।'

शशांक बड़े ध्यान से दादा जी की बात सुन रहा था। दादा जी आगे बोले, 'देखो बेटा, एक तो सारा दिन किताबें लेकर बैठने की बजाय बीच-बीच में थोड़ा ब्रेक ले लिया करो। थोड़ी देर दोस्तों के साथ खेलो, थोड़ी देर टीवी देखो, थोड़ी देर घर के लोगों से बातचीत करो। इसके अलावा इन दिनों अपनी नींद में भी कमी करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। पूरी नींद लो।'

'जी, दादा जी।' शशांक ने हामी भरी। 'इन बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हारा दिमाग तरोताजा रहेगा, याद भी अच्छी तरह होगा और परीक्षा की ओर अच्छी तैयारी कर पाओगे। परीक्षा का डर भी तुम्हें कम लगेगा।' दादा जी ने शशांक को समझाया।

'मैं समझ गया, दादा जी।' शशांक कहने लगा। दादा जी की इन बातों का पालन शशांक ने उसी दिन से करना शुरू कर दिया। परीक्षाओं से लगने वाला उसका डर-तनाव कम हो गया था। अब वह शांत मन से और अच्छी तरह पढ़ाई कर पा रहा था।

कुछ दिनों बाद जब उसका परीक्षा परिणाम आया, तो उसके अंक उसकी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छे थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदारी सिखाती प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही एक बालकथा संग्रह 'दिन में सौ चांद' छपकर आया है। इसमें कुल पंद्रह कहानियां हैं। इनमें से अधिकतर कहानियों के पात्र पशु-पक्षी हैं। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हारा मनोरंजन तो होगा ही, इनसे तुम्हारे भीतर समझदारी भी विकसित होगी।


'दिन में सौ चांद' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चतुर खरगोश, शेर को दिन में सौ चांद दिखाकर अपनी बात सही साबित कर देता है। सोनू, मोनू बकरियों और जंगू भेड़िए की कहानी 'सोनू की चालाकी' पढ़कर तुम सीख सकते हो कि अगर मुसीबत में भी धीरज और बुद्धि से काम लिया जाए तो मुसीबत से पार पाया जा सकता है। कुछ पक्षियों और एक सांप की कहानी 'हम अच्छे बने रहेंगे' यह सिखाती है कि अगर कोई हमारे साथ अच्छा व्यवहार न करे तो भी हमें अपना व्यवहार अच्छा ही रखना चाहिए। हमारा रूप-रंग कितना भी अच्छा क्यों न हो अगर हम परिश्रम नहीं करेंगे तो हमारा सम्मान नहीं होगा, यह सीख 'मेहनत का सम्मान' कहानी देती है। एक मछली और एक चिड़िया की दोस्ती की प्यारी सी कहानी है 'सोनचिड़ी और सोन मछली', जिसमें तुम पढ़ोगे कि सच्चा दोस्त वही होता है, जो मुसीबत में अपने दोस्त का साथ नहीं छोड़ता। इसी तरह 'सवाल का बवाल' कहानी पढ़कर तुम अपनी हंसी नहीं रोक पाओगे। कई रंगों की कहानियों से सजी यह किताब तुमको जरूर पसंद आएगी। *




**किताब:** दिन में सौ चांद (कहानी संग्रह),
**लेखक:** गोविंद शर्मा, **मूल्य:** 175 रुपए,
**प्रकाशक:** साहित्यागार, जयपुर

### अंतर बताओ

बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट से पपी के दो चित्र दिए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



**उत्तर:** 1.पपी हाउस के ऊपर बाईं तरफ पेड़ की टहनी में एक पत्ती कम है। 2.पीछे बाईं तरफ शैडो कम दिख रही है। 3.पपी के बाएं पैर के ऊपर ब्राउन स्पॉट है। 4.पपी हाउस में ऊपर दाईं तरफ चिमनी बनी हुई है। 5.नीचे दाईं तरफ पत्तियों का रंग अलग है।

### रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में हिरण के एक भूखे बच्चे को घास तक पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हिरण के बच्चे को घास तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ, ताकि वह घास खाकर अपनी भूख मिटा सके।



## खबर संक्षेप

### मिडिल स्कूल में एक दिवसीय योग शिविर

**तमनार।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तमनार में एकदिवसीय योग शिविर लगाया गया जिसमें स्कूल के सभी बच्चे एवं शिक्षक सम्मिलित हुए। महिला पतंजलि योग समिति जिला अध्यक्ष एवं राज्य सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती गीतांजलि पटनायक के द्वारा सर्वप्रथम मंत्र उच्चारण के साथ योग योगाभ्यास की शुरुआत की गई तत्पश्चात यौगिक जॉगिंग से योगा अभ्यास की शुरुआत हुई सभी बच्चों को गीतांजली दीदी ने शारीरिक विकास में सहायक आसनों को कराया गया। तत्पश्चात मानसिक स्वास्थ्य और स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए प्राणायाम एवं ध्यान कराया गया। गीतांजलि पटनायक दीदी ने सभी बच्चों को नियमित योग एवं प्राणायाम करने हेतु कहा एवं सभी शिक्षकों से निवेदन किया कि वह प्रत्येक दिन बच्चों को खेल के साथ साथ योग एवं प्राणायाम भी करावे ताकि उनकी बुद्धि प्रखर एवं शारीरिक स्वास्थ्य ठीक रहे।

### सर्वे ऑफ इंडिया के बीच हुआ एमओयू

**राउरकेला।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी राउरकेला और सर्वे ऑफ इंडिया ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ जियो स्पेशियल निदेशालय ने 11 फरवरी 2026 को भू.स्थानिक विज्ञान, मैपिंग तकनीक और उन्नत अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी राष्ट्रीय भू स्थानिक नीति 2022 के अनुरूप संयुक्त अनुसंधान, शैक्षणिक कार्यक्रमों और तकनीकी आदान प्रदान को सशक्त करेगी। एमओयू पर हस्ताक्षर एनआईटी के निदेशक प्रो. के उमामहेश्वर राव और निदेशालय की निदेशक श्रीमती स्वर्णिमा बाजपेयी ने किए। इस पहल को प्रो. किशनजीत कुमार खटुआ तथा सर्वे ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने समन्वित किया।

### जतरा में गूंजा सोनू निगम का सुर

**सुंदरगढ़।** बहुप्रतीक्षित जतरा महोत्सव इस वर्ष यादगार बन गया, जब गायक सोनू निगम के गीतों पर पूरा शहर झूम उठा। रंग बिरंगी रोशनी, उत्साह से भरी भीड़ और संगीत की मधुर धुनों ने ऐसा समां बांधा कि हर उम्र के लोग खुद को थिरकने से रोक नहीं पाए। महोत्सव स्थल पर जैसे ही सोनू निगम के सुपरहिट गीतों की धुन बजी, हजारों की संख्या में मौजूद दर्शक तालियों और सीटियों के साथ उत्साह से भर उठे। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने संगीत का भरपूर आनंद लिया। वातावरण में उल्लास और ऊर्जा का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसने पूरे आयोजन को खास बना दिया। इस दौरान एक खास दृश्य ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा जिला कलेक्टर भी खुद को संगीत की लय से अलग नहीं रख सके। आम जनता और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वे भी मंच के सामने खुलकर झूमते नजर आए। कलेक्टर का उत्साहपूर्ण नृत्य सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बन गया और लोगों ने इसे प्रशासन और जनता के बीच सकारात्मक जुड़ाव का प्रतीक बताया।

### जिले भर में राष्ट्रव्यापी हड़ताल का व्यापक असर

**राउरकेला।** वाम दलोंएट्रेड यूनियनों व कांग्रेस द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल व भारत बंद का जिले भर में गुरूवार को असर देखा गया। बनाई से लेकर सुंदरगढ़, राज गांगपुर व बीरमित्रपुर, वेदव्यास में बंद के दौरान जन जीवन प्रभावित रहा। बनाई क्षेत्र में सर्वभारतीय हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। हड़ताल के समर्थन में विमलागढ़, पट्टासाही और रॉक्सी रेलवे साइडिंग में हड़ताल व बंद समर्थक प्रदर्शनकारियों ने रेल रोको आंदोलन किया, जिससे रेल यातायात प्रभावित रहा। वहीं राजामुंडा में 143 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया गया, जिसके कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हड़ताल का असर व्यापारिक गतिविधियों पर भी पड़ा। कई स्थानों पर दुकानें और बाजार बंद रहे, जबकि बसों का परिचालन भी बाधित हुआ। आम लोगों को दैनिक कार्यों के लिए आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसी क्रम में वेदव्यास चौक पर 143 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग और 10 नंबर राज्य राजमार्ग को अवरुद्ध किया गया।

### विद्युत क्षेत्र के विशेषज्ञों और पेशेवरों को संवाद, सीखने के लिए मिलेगा मंच

# एनटीपीसी आज करेगा इंडियन पावर स्टेशन ओ एंड एम कॉन्फ्रेंस 2026 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड 13 से 15 फरवरी तक इंडियन पावर स्टेशन ओ एंड एम कॉन्फ्रेंस आईपीएस 2026 का आयोजन करने जा रही है। यह तीन दिवसीय सम्मेलन विद्युत क्षेत्र के विशेषज्ञों और पेशेवरों को संवाद, सीखने और सहयोग के लिए एक साझा मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येस्सो नाइक द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विद्युत मंत्रालय तथा विद्युत क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

**केंद्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येस्सो नाइक करेंगे उद्घाटन**




यह वार्षिक सम्मेलन एनटीपीसी की यात्रा का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो वर्ष 1982 में सिंगरौली में इसकी पहली थर्मल इकाई के वाणिज्यिक संचालन की स्मृति को चिह्नित करता है। यह उपलब्धि भारत के विद्युत क्षेत्र में परिचालन उत्कृष्टता की नींव रखने वाला ऐतिहासिक मील का पत्थर थी। वर्षों के दौरान आईपीएस एक विश्वसनीय मंच के रूप में विकसित हुआ है, जहाँ नीति-निर्माता, उद्योग विशेषज्ञ, संयंत्र संचालक, निर्माता, शोधकर्ता और शिक्षाविद एकत्र होकर अनुभव साझा करते हैं, व्यावहारिक जानकारियों का आदान-प्रदान करते हैं और देश में विद्युत उत्पादन की दिशा तय करने के लिए सामूहिक रणनीति बनाते हैं। आईपीएस 2026 का विषय है जो ऊर्जा सुरक्षा और ग्रिड स्थिरता सुनिश्चित करने में तापीय ऊर्जा की निरंतर महत्ता को रेखांकित करता है, विशेष रूप से उस समय जब भारत स्वच्छ और विविधीकृत ऊर्जा मिश्रण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गुणवत्ता और विश्वसनीयता भरोसेमंद बिजली आपूर्ति के मूल स्तंभ हैं, और यह सम्मेलन साझा सीख और व्यवहारिक अनुभवों के माध्यम से इन स्तंभों को और मजबूत करने पर केंद्रित रहेगा। तीन दिवसीय सम्मेलन में तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें क्षेत्र के विशेषज्ञ परिचालन चुनौतियों, बदलती आवश्यकताओं और उभरते अवसरों पर विचार-विमर्श करेंगे। चर्चा के प्रमुख विषयों में लचीला संयंत्र संचालन, सुरक्षा, एसेट प्रबंधन, जल एवं ईंधन प्रबंधन, डिजिटल अनुप्रयोग, दक्षता में सुधार तथा परमाणु ऊर्जा, हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और भंडारण समाधान जैसे नए ऊर्जा मार्गों की भूमिका शामिल है।



## अस्पताल में गंभीर नवजात शिशुओं को मिला जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

समय से पहले जन्मे, बेहद कम वजन और गंभीर स्थिति में भर्ती बच्चों को मातृ शिशु 100 बिस्तरीय अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने अथक प्रयासों से नया जीवन दिया। अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, निरंतर निगरानी और संवेदनशील देखभाल के बल पर इन नन्हे बच्चों ने न केवल कठिन दौर को पार किया, बल्कि अब स्वस्थ जीवन की ओर मजबूत कदम बढ़ा रहे हैं।

**■ समय से पूर्व जन्मे शिशुओं का हो रहा सुरक्षित बचाव**

जिला प्रशासन के निर्देशए सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जगत तथा सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. दिनेश पटेल के मार्गदर्शन में जिले के 100 बिस्तरीय मातृ शिशु अस्पताल में गंभीर बीमार नवजात बच्चों की देखभाल इकाई ने समय से पहले जन्मे बच्चों का सुरक्षित बचाव किया है। प्रभारी डॉ. अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि यहां की विशेष टीम डॉ. नवीन अग्रवाल, डॉ.जेनेविभा मिंज और डॉ.स्निग्धा दास कठिन परिस्थितियों में जन्म लेने वाले शिशुओं की देखभाल कर उन्हें स्वस्थ जीवन देने में सफल रही है। इस माह अस्पताल में कई नवजात शिशु जिनका का जन्म 7 माह की गर्भावस्था में हुआ, गंभीर अवस्था में भर्ती किए गए शिशुओं मे 13 जनवरी 2026 को रूपा जैजैपुर जिनका प्रसव जीएमसी रायगढ़ में हुआए उनके बच्चे का वजन 960 ग्राम था। इसी तरह 14 जनवरी को सुनिता के बच्चे का वजन 990 ग्राम था, 15 जनवरी को जगमती कुकरगांव पत्थलगांव के बच्चे का वजन 920 ग्राम और 26 जनवरी को सूरजमती जिनका प्रसव सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में हुआ था, उनके बच्चे का वजन 880 ग्राम था। सभी बच्चों का समय पर सुरक्षित बचाव किया गया और अब ये बच्चे स्वस्थ हैं।

## स्काई एलॉयज कल करेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रायगढ़।** खरसिया ब्लॉक के ग्राम टेमटेमा में स्थित स्काई एलॉयज एण्ड पावर लिमिटेड द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और दवा वितरण कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 14 फरवरी को ग्राम सेंद्रीपाली मिलन चौक में आयोजित होगा। कारखाना प्रबंधन ने बताया कि शिविर में कारखाना के डॉ. टेकलाल पटेल नाक, कान, गला विशेषज्ञ, डॉ. प्रभु नारायण प्रधान एमबीबीएस एफआईएच तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चपले के जनरल प्रैक्टिशनर अपनी सेवाएं देंगे। साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी।



### एसडीएम ने अवैध खनिज परिवहन कर रहे वाहनों को किया जब्त

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के द्वारा समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश के पालन में एसडीएम बिलाईगढ़ प्रफुल्ल रजक ने अवैध रेत परिवहन कर रहे 1 हाइवा और 5 ट्रेक्टर तथा 1 ट्रेक्टर पत्थर को खनि अधिनियम के तहत जब्त कर भटगांव थाना में सुपुर्द किया है। इसमें दो ट्रेक्टर बिना नंबर का है।



## नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत किसानों को दी गई जैविक खेती की ट्रेंनिंग

**■ जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार एवं कृषि विभाग घरघोड़ा का किसान हितैषी पहल**

**तमनार।** जिंदल फाउण्डेशन जेपीएल तमनार एवं कृषि विभाग घरघोड़ा के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग एनएमएनएफ योजना के अंतर्गत ग्राम छर्राटांगर में जरूरतमंद व जागरूक किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के चयनित 250 किसानों को जैविक सामग्री जैसे पोटेशियम, भुसखा, भुरस, जीवामृत, बीजामृज तैयारी हेतु बाल्टी उपलब्ध कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी दुर्गा प्रसाद अधिकारी के मुख्य आतिथ्य एवं तहसीलदार घरघोड़ा मनोज कुमार गुप्ता के विशिष्ठ आतिथ्य, सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधियों, एफपीओ के किसान एवं शताधिक किसानों की उपस्थिति में कायक्रम का आयोजन किया गया। वहीं अपने सारगर्भित सम्बोधन में दूर्गा प्रसाद अधिकारी ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने और बेहतर उत्पादन के प्रति किसानों को जागरूक होने का आग्रह किया। इस दौरान अधिकारी द्वय एव किसानो ने जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा गठित एफपीओ जिंदल हरियाली आदिवासी उत्थान सहकारी समिति के अध्यक्ष शिवनंदन राठिया के जैविक खेती का भ्रमण कर उसके प्रयासों को सराहा। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ के कृषि विशेषज्ञ प्रभात सिंह ठाकुर, एसडीओ कृषि विभाग, घरघोड़ा, केके पैंकरा, डा. कन्हैया लाल पटेल एवं जिला महासमुंद से राधेलाल साहु द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को जैविक खाद, जीवामृत, घनजीवामृत, बीज उपचार, कीट नियंत्रण हेतु जैविक उपाय, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण सहित प्राकृतिक खेती के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



## कलेक्टर ने किया सरसीवा के पीएमश्री स्कूल और निर्माणाधीन नए भवन का निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बिलाईगढ़ विकासखंड के सरसीवा स्थित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। स्कूल में 33 शिक्षक पदस्थ हैं। कलेक्टर ने कहा कि जब विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध हैं, तो विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी कक्षा शिक्षकों की बैठक भी ली।

कलेक्टर ने कक्षा 11वीं एवं 12वीं साइंस एवं मैथ्स के विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर वार्षिक परीक्षा के लिए उनके पढ़ाई की जानकारी ली। कक्षा 11वीं के फिजिक्स विषय में अब तक पढ़ाए गए टॉपिक्स के बारे में जानकारी लेकर विद्यार्थियों से छमाही परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बच्चों से उनके भविष्य के लक्ष्य भी पूछे और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार डॉ कन्नौजे ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से कोर्स पूर्ण होने की जानकारी लेकर उन्हें 20 फरवरी से प्रारंभ होने वाले बोर्ड परीक्षा के लिए खूब पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किए। बोर्ड परीक्षा को लेकर कलेक्टर ने विद्यार्थियों को विशेष रूप से मोटिवेट करते हुए कहा कि जैसे वार्षिक उत्सव के लिए बार बार डांस का अभ्यास किया जाता है, उसी प्रकार बोर्ड परीक्षा के लिए भी लिख लिखकर नियमित अभ्यास करें, ताकि विषय अच्छी तरह याद रहे और परीक्षा के समय लिखने में कोई कठिनाई न हो।



**राजस्व कार्यों के निराकरण का लिया जायजा**

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने सरसीवा तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने लोक सेवा केंद्र, रिकॉर्ड रूम तथा नक्शा बंटांकन से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी ली और व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वहां आए किसान और अन्य नागरिकों से तहसील के कार्यों और सुविधाओं के संबंध में चर्चाकर राजस्व कार्यों के निराकरण का जायजा लिया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, तहसीलदार आयुष तिवारी उपस्थित थे।

## जाज्वल्य देव महोत्सव में छाल की जिज्ञासा ने कथक नृत्य से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**छाल।** जांजगीर चांपा के ऐतिहासिक जाज्वल्य देव लोक महोत्सव 11 से 13 फरवरी में कला और संस्कृति की त्रिवेणी बह रही है। महोत्सव के दौरान छाल रायगढ़ की नन्हीं कलाकार जिज्ञासा दुबे ने अपनी मनमोहक कत्थक प्रस्तुति से आयोजन में चार चांद लगा दिए। मात्र 9 वर्ष की आयु में जिज्ञासा ने जिस सधे हुए अंदाज में मंच संभालाए उसने न केवल दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया बल्कि विशेषज्ञों की भी खूब वाहवाही लूटी। जिज्ञासा दुबे ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत कत्थक के पारंपरिक पद संचालन और तत्कार से की। उनके चेहरे के भाव और लयबद्ध कदमों की थाप ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। जिज्ञासा अब तक छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि ओडिशा और बनारस जैसे सांस्कृतिक केंद्रों में भी अपनी कला का परचम लहरा चुकी हैं।




## बिलाईगढ़ में चल रहा संगीतमय शिवमहापुराण कथा

**बिलाईगढ़।** धर्म, श्रद्धा और सनातन संस्कृति की अनुपम छटा से सराबोर नगर बिलाईगढ़ इन दिनों पूर्णतः शिवमय हो उठा है। शिव मंदिर निर्माण के उपलक्ष्य में थाना मैदान में आयोजित संगीतमय शिवमहापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ 11 फरवरी को विशाल शोभायात्रा एवं आकर्षक कलश यात्रा के साथ अत्यंत श्रद्धा और उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

नगर की सड़कों पर जब सैकड़ों महिलाएं लाल पीले पारंपरिक परिधान धारण कर सिर पर पवित्र कलश रख मंगलगीत गाते हुए आगे बढ़ीं, तब पूरा वातावरण हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब इस आध्यात्मिक आयोजन की गरिमा और महत्व को दर्शा रहा था। नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती शोभायात्रा ने भक्ति की ऐसी अलौकिक छटा बिखेरी कि प्रत्येक जनमानस शिवभक्ति में भाव विभोर हो उठा। प्रथम दिवस विधिवत वेदी पूजन, पीठ पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य कथा का शुभारंभ किया गया। कथा वाचन की दिव्य रसधारा प्रवाहित कर रहे हैं सुप्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य मनीष दुबे बेलमुंडी वाले, बिलासपुर, जिनकी ओजस्वी वाणी, मधुर संगीतमय प्रस्तुति और गहन आध्यात्मिक चिंतन श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के पथ पर अग्रसर कर रहा है। शिवपुराण के पावन प्रसंगों का सजीव, भावपूर्ण एवं हृदयस्पर्शी वर्णन उपस्थित जनसमूह को आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर रहा है।



## परसकोल के ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण करने की शपथ




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश में खरसिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत परसकोल में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल अर्पण दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को जल की शुद्धता, संरक्षण और सतत उपयोग के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान एफटीके के माध्यम से जल परीक्षण का प्रदर्शन किया गया तथा जल बहिनियों को इसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीणों को जल गुणवत्ता के महत्व को विस्तार से समझाया गया और जल से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जल शुद्धता बनाए रखने, जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता रखने तथा भविष्य की जल सुरक्षा हेतु नियमित रूप से जल कर का भुगतान करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। साथ ही जल संसाधनों की रक्षा को हम सभी का सामूहिक कर्तव्य बताया गया। उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाने की शपथ भी दिलाई गई।

### सीएमएचओ ने स्कूलों का किया निरीक्षण

**सारंगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला ने जिला स्तरीय टीम के साथ ग्राम सलोनी एवं उलखर के स्कूलों का दौरा कर स्वास्थ्य मानकों की समीक्षा किया। उनके साथ आयुष्मान भारत योजना के जिला समन्वयक रोशन सचदेव भी उपस्थित रहे। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और स्कूली बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को शासकीय एवं निजी विद्यालयों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने कई बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया और संबंधित स्कूल प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए, जिसमें दवा सेवन और विफ़्स कार्यक्रम, आयुष्मान कार्ड संधारण शामिल है। शरीर से कृमि मुक्ति और हाथीपांव जैसी बीमारियों से बचाव के लिए दवा सेवन की स्थिति जांची गई। बच्चों को शिक्षकों की उपस्थिति में दवा सेवन सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं श्साप्ताहिक आयरन एवं फोलिक एसिड अनुपूरण विफ़्स के तहत दी जाने वाली दवाओं के स्टॉक और बच्चों द्वारा इसके नियमित सेवन की जानकारी ली गई।

## चांदमारी स्कूल में किया गया प्राचार्य दीप्ति का सम्मान

**रायगढ़।** शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य श्रीमती दीप्ति अग्रवाल की प्रतिनियुक्ति राज्य शासन के आदेशानुसार राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर में सहायक प्राध्यापक के पद पर हो जाने के फलस्वरूप सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

श्रीमती दीप्ति अग्रवाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ में प्राचार्य पद पर 13 जनवरी 23 को कार्यभार ग्रहण की। इन्होंने अपने सेवाकाल में स्वच्छता, अनुशासन, सामुदायिक सहभागिता, नवाचार, विद्यार्थियों व शालेय हित में नित नए आयाम स्थापित कर शाला के उन्नयन हेतु उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय रूप से इनके मार्गदर्शन में ही शाला की प्रधान पाठक डॉ.मनीषा त्रिपाठी को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण व राज्यपाल पुरस्कार भी प्राप्त हुआ और शाला ने नवीन कीर्तिमान स्थापित किया। इन्होंने अपना कार्यभार वरिष्ठ व्याख्याता भरत लाल नामदेव जी को सौंपा। शालेय परिवार ने संक्षिप्त सूचना के आधार पर इनके सम्मान में एक सादगी पूर्ण ढंग से सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह का आगाज विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां शारदे की पूजा अर्चना के साथ हुआ।






DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त